# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
**सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)**
Email Id: registrar@suksn.edu.in, Website : www.suksn.edu.in


पत्रांक—752/कु0स0का0/सि0वि0वि0/2025 दिनांक—09—10—2025

**सेवामें,**

1. **अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय (परिसर)**
2. **समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।**

विषय :— **भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष दिनांक 25—12—2024 से दिनांक 25—12—2025 तक मनाये जाने के क्रम में आख्या उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक (उ0शि0) उ0प्र0, उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज के पत्र संख्या—डिग्री विकास/1806/2025—26 दिनांक 06—10—2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। (छाया प्रति संलग्न)

अतः उपरोक्त के क्रम में संलग्न पत्र के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक**— यथोपरि।

**कुलसचिव**
**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,**
**सिद्धार्थनगर।**

पत्रांक— /तददिनांकित।

**प्रतिलिपि**—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

**कुलसचिव**
**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,**
**सिद्धार्थनगर।**

प्रेषक, **भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी पोर्टल/अति महत्वपूर्ण/अनुस्मारक – 6/ई – मेल**

शिक्षा निदेशक (उ0शि0),उ0प्र0,
उच्च शिक्षा निदेशालय,
प्रयागराज।

सेवा में,

1. कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक:- डिग्री विकास/ 1806 /2025-26 दिनांक – 06/10/2025

**विषय –भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष दिनांक 25.12.2024 से दिनांक 25.12.2025 तक मनाये जाने के क्रम में आख्या उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 396/सत्तर – 7 – 2024 दिनांक 27.12.2024 एवं इस कार्यालय के पत्रांक डिग्री विकास/1848/2024 – 25 दिनांक 27.12.2024, डिग्री विकास/148/2024 – 25 दिनांक 16.04.2025, डिग्री विकास/245/2025 – 26 दिनांक 01.05.2025, डिग्री विकास/294/2025 – 26 दिनांक 07.05.2025, डिग्री विकास/425/2025 – 26 दिनांक 21.05.2025 एवं डिग्री विकास/903/2025 – 26 दिनांक 23.06.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा राष्ट्रीय निर्माण के पुरोधा, भारतीय संस्कृति से परिपूर्ण सहज विशिष्ट व्यक्तित्व के धनी, देश के लब्ध प्रतिष्ठित हिन्दी कवि, पत्रकार, साहित्यकार, प्रखर वक्ता, कुशल राजनेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" का जन्म शताब्दी वर्ष दिनांक 25.12.2024 से दिनांक 25.12.2025 तक मनाये जाने का निर्देश दिया गया था, कार्यक्रम आयोजित किये जाने के उपरान्त कार्यक्रम की फोटोग्राफ, वीडियो/वीडियो क्लिप, आख्या तथा समाचार पत्रों की कटिंग उपलब्ध कराये जाने के निर्देश निर्गत किये गये थे परन्तु अद्यतन सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी जो अत्यन्त ही खेदजनक स्थिति है।

आपको यह भी अवगत कराया जा चुका है कि शासन के पत्र संख्या 152/सत्तर – 7 – 2025 दिनांक 16.05.2025 द्वारा एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गयी थी जिसमें विशेष सचिव महोदय द्वारा नाराज़गी व्यक्त की जा चुकी है। आप द्वारा सूचना अद्यतन प्रेषित न किये जाने के दृष्टिगत वेबपोर्टल पर ससमय सामग्री अपलोड नहीं की जा पा रही है। यह स्थिति अत्यन्त ही निराशाजनक एवं खेदजनक है।

आप सभी क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों एवं विश्वविद्यालयों से पुनः अपेक्षा की जाती है कि जनवरी – **2025** से **सितम्बर – 2025** तक पूर्व निर्धारित तिथियों में सम्पन्न कराये गये कार्यक्रम आयोजन से सम्बन्धित फोटोग्राफ, वीडियो/वीडियो क्लिप, आख्या तथा समाचार पत्रों की कटिंग संकलित कर पेनड्राइव में **02 कार्यदिवस में** और तत्काल इस कार्यालय की ई – मेल आई0डी0 पर dheabv@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे उपरोक्त सामग्री वेबपोर्टल पर अपलोड की जा सकें।

**संलग्नक – यथोक्त।**

भवदीय,

**डॉ0 (अजीत कुमार सिंह)**
सहायक शिक्षा निदेशक (उ0शि0)
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या – डिग्री विकास/ 1806 - 08 /उसी तिथि को।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग – 7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से निजी विश्वविद्यालय से उक्त सूचना प्राप्त कर समेकित करते हुए अधोहस्ताक्षरी को तत्काल इस कार्यालय की ई – मेल आई0डी0 पर dheabv@gmail.com 02 कार्यदिवसों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**डॉ0 (अजीत कुमार सिंह)**
सहायक शिक्षा निदेशक (उ0शि0)
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

**ई-मेल/महत्वपूर्ण/अनुस्मारक – 5**

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक,(उ0शि0)
डिग्री विकास अनुभाग
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज ।

सेवा में,

1- कुलसचिव,
समस्त राज्य / निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश ।
**(गोरखपुर वि0वि0 गोरखपुर, कानपुर वि0वि0, माँ शाकुम्भरी वि0वि0 एवं महात्मा गाधी काशी विद्यापीठ वाराणसी को छोड़कर)**

2- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
**(क्षे0का0 प्रयागराज को छोड़कर)**

पत्रांकः- डिग्री विकास / 903 / 2025-26 दिनांक- 23/06 /2025

**विषयः- भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष दिनांक- 25.12.2024 से दिनांक- 25.12.2025 तक मनाये जाने के क्रम में आख्या उपलब्ध कराये जाने विषयक ।**

महादोय,

उपर्युक्त विषयक कृपया शासन के पत्र संख्या – 396/सत्तर-7-2024 दिनांक- 27.12.2024 एवं इस कार्यालय के पत्रांक – डिग्री विकास/ 1848 /2024-25 दिनांक- 27.12.2024, पत्र संख्या डिग्री विकास/ 148/ 2024-25 दिनांक- 16.04.2025, डिग्री विकास/245/2025-26 दिनांक 01.05.2025, डिग्री विकास/ 294 /2025-26 दिनांक 07.05.2025 एवं डिग्री विकास/ 425/ 2025-26 दिनांक- 21.05.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा राष्ट्रीय निर्माण के पुरोधा, भारतीय संस्कृति से परिपूर्ण सहज विशिष्ट व्यक्तित्व के धनी, देश के लब्ध प्रतिष्ठित हिन्दी कवि, पत्रकार, साहित्यकार, प्रखर वक्ता, कुशल राजनेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" का जन्म शताब्दी वर्ष दिनांक- 25.12.2024 से दिनांक- 25.12.2025 तक मनाये जाने का निर्देश दिया गया था, कार्यक्रम आयोजित किये जाने के उपरान्त कार्यक्रम की फोटोग्राफ, वीडियो/ वीडियो क्लिप, आख्या तथा समाचार पत्रों की कटिंग परन्तु अद्यतन सूचना उपलब्ध नहीं कराया गया है, जो अद्यतन खेदजनक है ।

आपको यह भी अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या 152/सत्तर – 7 – 2025 दिनांक 16 मई, 2025 द्वारा एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गयी थी, जिसमें विशेष सचिव महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी है । आप द्वारा सूचना ससमय प्रेषित न किये जाने के दृष्टिगत वेबपोर्टल पर ससमय सामग्री अपलोड नहीं हो पा रही है । यह स्थिति अत्यन्त ही खेदजनक है ।

अतः आप सभी क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि **जनवरी, 2025 से जून, 2025 तक** पूर्व निर्धारित तिथियों में सम्पन्न कराये गये कार्यक्रम आयोजन से संबंधित फोटोग्राफ, वीडियो/ वीडियो क्लिप, आख्या तथा समाचार पत्रों की कटिंग संकलित कर **पेनड्राइव में** 02 कार्यदिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे उपरोक्त सामग्री वेबपोर्टल पर अपलोड की जा सकें । यदि आपके क्षेत्रीय कार्यालय की सूचना उक्त वेबपोर्टल पर अपलोड नहीं हो पाती है तो सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

भवदीय,

डॉ0(अजीत कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,(उ0शि0)
कृते शिक्षा निदेशक,(उ0शि0)
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज ।

पृष्ठांकन संख्या- डिग्री विकास/ 903-04 /उसी तिथि को ।

प्रतिलिपि- विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग- 07 उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित ।

डॉ0(अजीत कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,(उ0शि0)
कृते शिक्षा निदेशक,(उ0शि0)
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज